Calgary

यार्डस्मार्ट

रेन गार्डनज़

यार्ड स्मार्ट बनें। एक सुंदर बगीचा बनाना और हमारी नदियों की रक्षा करना साथ-साथ चल सकता है।

फोटो ब्लू थम्ब के सौजन्य से

रेन गार्डन क्या है?

रेन गार्डन एक लैंडस्केप किया गया फीचर है जो आपके लॉन, छत और ड्राइववे से बहने वाले स्टॉर्मवॉटर (stormwater) (बारिश और पिघलती हुई बर्फ) को इकट्ठा करने के लिए आपके लॉन के एक क्षेत्र का स्थान लेता है। इस कम गहरे गड्ढे में ढीली, गहरी मिट्टी होती है जो बहते पानी को हमारे स्टॉर्म सिस्टमों और अंततः हमारे जलमार्गों में प्रवेश करने से पहले सोखती और प्राकृतिक रूप से फ़िल्टर करती है। उचित रूप से निर्मित रेन गार्डनों को ज़्यादा बारिश पड़ने पर ओवरफ्लो की अनुमति देने और खड़े पानी को 48 घंटे से अधिक समय तक ना रखने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं।

बो नदी को संरक्षित करना, एक समय पर एक रेन गार्डन के साथ। हम सभी अपने जलमार्गों के स्वास्थ्य के संरक्षण में भूमिका निभा सकते हैं।

रेन गार्डन का निर्माण क्यों करें?

रेन गार्डन व्यक्तियों को हमारी खाड़ियों और नदियों की रक्षा के लिए कार्रवाई करने का अवसर प्रदान करते हैं जहां पारंपरिक उपचार सुविधाएं, जैसे वैटलैंडज़ (wetlands) या गीले तालाब (wet ponds), अक्सर संभव नहीं होते हैं।

रेन गार्डन नदी की रक्षा कैसे करते हैं?

रेन गार्डन समुदायों को लाभान्वित करते हैं और हमारी नदियों, मछलियों और पीने के पानी के स्रोत की ऐसे रक्षा करते हैं:

- स्थानीय स्टॉर्म नाली प्रणालियों में प्रवेश करने वाले पानी की मात्रा को सीमित करके। यह स्थानीय बाढ़ और जल निकासी की समस्याओं के साथ-साथ नालों के किनारों के भूक्षरण को कम करने में मदद करता है।
- प्रदूषकों की संख्या को कम करके जो अक्सर हमारे यार्डों और सड़कों से बिना उपचार के सीधे हमारे जलमार्गों में चले जाते हैं।



हमारे जलमार्गों की रक्षा करने के अलावा, रेन गार्डन:

- सुंदर, मज़बूत, कम रखरखाव वाले, कम पानी से लगने वाले पौधों के साथ लगाए जाते हैं।
- पक्षियों, तितलियों, और लाभदायक कीड़ों, जैसे मच्छर खाने वाली ड्रैगनफ़्लाइयों को आकर्षित करते हैं।
- किसी भी शैली के लैंडस्केप का पूरक होता है और आपके यार्ड के साथ-साथ आसपास के पड़ोस की सुंदरता को बढ़ाते हैं।

एक रेन गार्डन का प्रभाव कम लग सकता है, लेकिन सामूहिक रूप से, वे आपके परिवार और समुदाय के लिए पर्यावरण में महत्वपूर्ण सुधार करते हैं और उनकी रक्षा करते हैं।



फोटो ब्लू थम्ब के सौजन्य से

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

यह किस तरह का दिखेगा?

रेन गार्डन (Rain gardens) किसी भी शैली के परिदृश्य (landscape) के पूरक हैं और इसे व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के अनुकूल बनाया जा सकता है। वे बड़े या छोटे हो सकते हैं और आपके यार्ड में रिक्त स्थानों का लाभ उठा सकते हैं।

क्या रेन गार्डन को स्थापित करना और बनाए रखना महंगा या मुश्किल होगा?

रेन गार्डन के लिए कम गहरा गड्ढा खोदे जाने के बाद, यह आपके यार्ड में अन्य बागबानी वाले क्षेत्रों के रोपण की तुलना में अधिक महंगा नहीं होगा। अधिकांश अनुशंसित पौधों को स्थानीय नर्सरियों में खरीदा जा सकता है, और आप उनकी अपने यार्ड में किसी भी अन्य पौधों की तरह देख रेख करते हैं। यदि आप देशी (native) पौधों का उपयोग कर रहे हैं, तो एक बार स्थापित होने के बाद, उन्हें कम पानी और कोई खाद डालने की आवश्यकता नहीं होगी।

क्या रेन गार्डन मच्छरों के लिए तालाब नहीं बनाएगा?

नहीं, रेन गार्डन तालाब नहीं है। जब सही ढंग से निर्मित किया जाता है, तो पानी 48 घंटों (लेकिन आमतौर पर अधिक तेज) के भीतर निकल जाएगा। मच्छरों को रेन गार्डन अच्छे प्रजनन क्षेत्र नहीं लगेंगे क्योंकि उन्हें अंडे देने और अंडे से बच्चा निकलने के लिए अधिक समय की आवश्यकता होती है।

मुझे रेन गार्डन बनाने में दिलचस्पी है। मुझे आगे क्या करना चाहिये?

www.cmhc.ca पर जाएं और रेन गार्डनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए सर्च क्षेत्र में "रेन गार्डनज़" टाइप करें।

नोट: यह जानकारी केवल आपके लाभ के लिए प्रदान की गई है। यदि आप अपने रेन गार्डन के निर्माण में सहज महसूस नहीं करते हैं, तो कृपया एक लैंडस्केपर (landscaper) से सलाह लें। सिटी ऑफ कैलगरी आपके रेन गार्डन के निर्माण से होने वाली किसी भी शारीरिक या व्यक्तिगत चोट या किसी भी प्रकृति की संपत्ति की क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

रीसाईकल किए कागज पर मुद्रित। 2017-0200

फोटो राइस क्रीक वाटरशेड जिले के सौजन्य से